काली खांसी (पर्टुसिस)



टीकाकरण आपके बच्चे की सुरक्षा का सबसे अच्छा तरीका है।

यह क्या है?

यह एक अत्यधिक संक्रामक सांस का रोग है, जो एक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह छोटे शिशुओं के लिए अक्सर बेहद गंभीर हो सकता है। यह निम्नलिखित समस्याएँ पैदा कर सकता है:

- एक गंभीर खांसी, जो कई हफ्तों तक रह सकती है
- सांस का अस्थायी रूप से रुक जाना
- फेफड़ों का संक्रमण
- ब्रेन डैमेज या मृत्यु (बहुत कम)

टीकाकरण क्यों करवाएं?

- यह टीका 3 माह से कम उम्र के शिशुओं में 90% अस्पताल में भर्ती होने और 95% मृत्यु के मामलों को रोकता है।
- गर्भावस्था के दौरान टीका लगाए जाने पर, यह शिशु को 2 माह की उम्र में पहला टीका लगने तक सुरक्षा प्रदान करता है।
- टीका लक्षणों की गंभीरता को कम करता है।

Québec

टीकाकरण कब करवाएं?

बच्चों के लिए:

- नियमित समय-सारणी के अनुसार, निम्नलिखित माह अवधि में:

2 माह ✓ 4 माह ✓ 12 माह ✓ 4-6 वर्षों तक ✓

- अगर बच्चे को टीके की एक या एक से अधिक खुराकें नहीं दी गई है

वयस्कों के लिए:

- प्रत्येक गर्भावस्था के दौरान, 26 सप्ताह या उसके बाद
- यदि आपने कभी टीका नहीं लगवाया है
- जब कोई हेल्थकेयर पेशेवर इसकी सलाह देता है

Centre intégré universitaire de santé et de services sociaux du Centre-Sud-de-l'Île-de-Montréal

Québec

टीका कैसे लगवाएं?

टीकाकरण कराने के लिए, clicsanté.ca पर अपना अपॉइंटमेंट बुक करें। यह टीका मुफ्त है आपको स्वास्थ्य बीमा कार्ड (RAMQ) की ज़रूरत नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए

काली खांसी के बारे में अपने हेल्थकेयर पेशेवर से बात करें या ccsmtl.ca/coqueluche पर विजिट करें।

© Direction régionale de santé publique de Montréal. – October 2024